प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

1 सितंबर 2021

आईएमएफ़ द्वारा विशेष आहरण अधिकार का सामान्य आवंटन

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ़) ने 23 अगस्त 2021 को भारत को विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 12.57 बिलियन (नवीनतम विनिमय दर पर लगभग 17.86 बिलियन अमरीकी डालर के बराबर) का आवंटन किया है। 23 अगस्त 2021 को भारत की कुल एसडीआर धारिता अब एसडीआर 13.66 बिलियन (नवीनतम विनिमय दर पर लगभग 19.41 बिलियन अमरीकी डालर के बराबर) हो गई है। एसडीआर धारिता में यह वृद्धि 27 अगस्त 2021 को समाप्त सप्ताह के लिए प्रकाशित होने वाले विदेशी मुद्रा भंडार (एफईआर) आंकड़ो में परिलक्षित होगी।

एसडीआर धारिता किसी देश के एफईआर के घटकों में से एक है। आईएमएफ अपने सदस्यों को निधि में उनके मौजूदा कोटा के अनुपात में सामान्य एसडीआर आवंटित करता है। आईएमएफ के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ने 2 अगस्त 2021 (23 अगस्त, 2021 से प्रभावी) को लगभग 456 बिलियन एसडीआर के सामान्य आवंटन को मंजूरी दी थी, जिसमें से भारत का हिस्सा एसडीआर 12.57 बिलियन है।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/792